प्रिय श्री शर्मा,

आपको स्मरण होगा कि करीब एक माह पहले मजदूरों की समस्याओं के बारे में मैं आपके कार्यालय में आपसे मिला था। उस समय मैंने कतिपय अन्य विषयों के अतिरिक्त आपसे कारखाना परिसर में प्रदूषण संबंधी समस्या का विशेष उल्लेख किया था। इस समस्या से आप भलिभांति अवगत हैं। कारखाना में काम करने वाले इसके भुक्तभोगी हैं। इसका प्रतिकूल प्रभाव जन स्वास्थ्य पर हो रहा है। आपने आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही त्रुटियों को ठीक कर कारखाना का वातावरण स्वच्छ कर दिया जायेगा।

मुझे यह जानकर काफी पीड़ा हुई है कि अभी तक कारखाना के भीतर प्रदूषण की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इस बारे में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के कानूनी प्रावधानों तथा कारखाना प्रबंधकों की जिम्मेदारी से आप भलिभांति अवगत होंगे। आप सहमत होंगे कि इस परिप्रेक्ष्य में भी और मानवीय आधार पर भी उपेक्षा जनहित में नहीं है।

अनुरोध है कि इस बारे में शीघ्र आवश्यक कदम उठायेंगे।

सधन्यवाद,

भवदीय

सरयू राय

सेवा में,
श्री विजय शर्मा
प्रबंध निदेशक,
उषा मार्टिन कंपनी,
गम्हारिया।